**Regarding alleged intervention of officials in the functioning of Gram Panchayat Sarpanch in Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency-Laid**

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) **:** संसदीय क्षेत्र दादरा और नगर हवेली में ग्राम पंचायतों को अधिक शक्तियाँ प्रदान करने से वे स्थानीय स्तर पर निर्णय ले सकेंगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी । मेरे संसदीय क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के सरपंच जिला पंचायत और नगर पालिका के पास उच्च स्तर के अधिकारी स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने में हस्तक्षेप करने के कारण, ग्राम पंचायतों और ग्रामवासियों के हित के कामों को करने में बहुत मुश्किले आ रही है! उनके विकास कामों को करने में काफ़ी कठिनाइओ और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे जनहित के विकास काम प्रभावित हो रहे हैं । उच्च स्तर के अधिकारी स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने में हस्तक्षेप करते है जिससे स्थानीय विकास कामों को गति नहीं मिल रही है । मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगी कि मेरे संसदीय क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के सरपंच जिला पंचायत और नगर पालिका के जनहित के कल्याण और विकास कार्यों में उच्च स्तर के अधिकारियों को स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने में हस्तक्षेप करने से रोका जाना चाहिए तभी मेरे संसदीय क्षेत्र के ग्राम पंचायतों और स्थानीय विकास कामों को गति मिल सकेगी । मैं आशा करती हूँ कि सरकार इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेंगी ।